हिंदी दिवस

बहुत सरल और बहुत सहज ,

हिंदी भाषा हमारी है ।

संस्कारों से सुसज्जित ,

यह पहचान हमारी है।

हिंदी भारत की राजभाषा है। यह देवनागरी लिपि में लिखी जाती है और इसकी साहित्यिक परंपरा अत्यंत समृद्ध है। हिंदी का साहित्यिक इतिहास हजारों वर्षों पुराना है।

हिंदी दिवस के अवसर पर, हिंदी की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने समूह गान और नृत्य प्रस्तुति द्वारा सभी का मन मोह लिया।

कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों ने प्रकृति और हास्य कविता गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लेकर सराहनीय प्रदर्शन किया, जिससे सभी बहुत प्रसन्न हुए।